हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

12 सप्ताहभर में कई बार जाम की चपेट में आया ...



14 तेज रफ्तार टोचन वाहन ने ऑटो, कार और बाइकों ...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
09 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
19

बस्तर की स्मृतियों में नाना पाटेकर : आज का महाभारत की अनकही दास्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वर्ष 1987 में जब हिंदी सिनेमा के मूर्धन्य अभिनेता नाना पाटेकर बस्तर की धरा पर पहुंचे थे, तब उनका व्यक्तित्व केवल एक उभरते अभिनेता का नहीं, बल्कि कला, रंगमंच और जमीन से जुड़े एक संवेदनशील इंसान का था। बस्तर के वरिष्ठ रंगकर्मी जीएस मनमोहन द्वारा साझा की गई पुरानी तस्वीरों और स्मृतियों के जरिए नाना पाटेकर के 5 दिवसीय प्रवास की कई दिलचस्प और ऐतिहासिक परतें उधड़ती हैं। 1987 में बन रही फिल्म आज का महाभारत की शूटिंग के सिलसिले में नाना पाटेकर जगदलपुर पहुंचे थे।

- बस्तर के जंगलों में शूटिंग के दौरान नाना ने किया था प्रभावित
- स्मृति शेष नाना पाटेकर के निधन से बस्तर में भी शोक

इस फिल्म यूनिट में उनके साथ दीप्ति नवल, सुरेश ओबेरॉय, भारत भूषण और नीता पुरी जैसे दिग्गज कलाकार शामिल थे। फिल्म के निर्देशक श्याम गुप्ता और सिनेमैटोग्राफर अशोक दाहंड थे, जिन्होंने बाद में हुकूमत और गदर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में कैमरामैन के रूप में ख्याति पाई। जगदलपुर प्रवास के दौरान नाना पाटेकर शहीद पार्क रोड स्थित गोयल भवन में ठहरे थे। उनकी सादगी का आलम यह था कि वे अक्सर एक खुली जीप खुद ड्राइव करके साथी कलाकारों के साथ लोकेशन के लिए निकलते थे। ⏭शेष पेज 12 पर

39 साल पहले फिल्म की शूटिंग में बस्तर आए थे नाना



इंजीनियरिंग कॉलेज में संवाद और विचार

नाना पाटेकर जगदलपुर स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहां उन्होंने छात्रों और युवाओं को संबोधित करते हुए कला, संस्कृति, बस्तर की समृद्ध परंपरा और सिनेमा पर अपने विचार बेबाकी से रखे। बस्तर के कलाकारों और आम लोगों के साथ रंगमंच और आर्ट फॉर्म्स पर उनकी खुली चर्चाओं ने स्थानीय कला जगत पर गहरा प्रभाव छोड़ा। फिल्म भले ही पर्दे पर न आ पाई हो, लेकिन बस्तर के जंगलों, सड़कों और रंगकर्मियों के दिलों में नाना पाटेकर की सादगी, मिलनसारिता और कला के प्रति निष्ठा की यादें हमेशा के लिए दर्ज हो गईं। बस्तर का कला जगत और वहां के रंगकर्मी आज भी नाना पाटेकर के उस आत्मीय जुड़ाव को बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ याद करते हैं। आज जैसे ही नाना पाटेकर के निधन का खबर आया बस्तर में भी शोक की लहर दौड़ गई। लोग 39 साल पहले बस्तर आए नाना पाटेकर को याद कर भावुक हो गए।

खबर संक्षेप



पितृ पक्ष पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर

जगदलपुर। पितृ पक्ष भारतीय परिवारों को अपनी जड़ों और पूर्वजों से जोड़ने वाली परंपरा के रूप में कायम है। पितृ पक्ष में लोग अपने दिवंगत माता-पिता, दादा-दादी और अन्य पूर्वजों को याद कर उनके निमित्त तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान और दान-पुण्य करते हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार मनुष्य पर देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण होता है। पितृ पक्ष को पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर माना जाता है। मान्यता है कि इस अवधि में पितरों के निमित्त श्रद्धा से किए गए तर्पण और श्राद्ध से उन्हें शांति मिलती है और उनका आशीर्वाद परिवार को प्राप्त होता है। **गया में ही क्यों किया जाता है पिंडदान :** बिहार का गया पिंडदान के लिए सबसे प्रमुख तीर्थस्थलों में माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार गया में भगवान विष्णु के चरण चिह्न से जुड़ा विष्णुपद मंदिर और फल्गु नदी का विशेष महत्व है। पौराणिक कथाओं में गया क्षेत्र को पितरों की मुक्ति से जोड़ा गया है। इसी कारण देशभर से लोग यहां पिंडदान और श्राद्ध कर्म के लिए पहुंचते हैं। हालांकि पिंडदान केवल गया में ही किया जा सकता है, ऐसा नहीं है; हिंदू परंपरा में अन्य तीर्थों और पवित्र नदियों के किनारे भी पितृ कर्म किए जाते हैं।

दिव्यांग शिविर में 1648 हितग्राही हुए लाभान्वित



जगदलपुर। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आयोजित तीन दिवसीय संभाग स्तरीय दिव्यांग शिविर आयोजित हुआ। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला प्रशासन, जिला पंचायत बस्तर, समाज कल्याण विभाग, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर और एनएसई फाउंडेशन के सहयोग से यह शिविर 5 से 7 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। इसमें बस्तर संभाग भर से कुल 1648 दिव्यांगजन शामिल हुए। शिविर के दौरान दिव्यांगों के दैनिक जीवन को सुगम बनाने के लिए उन्नत सहायक उपकरण प्रदान किए गए। तीन दिनों में कुल 100 व्हीलचेयर, 86 ट्राईसाइकिल, 90 बैसाखी, 222 श्रवण यंत्र, 66 कृत्रिम हाथ-पैर, 10 वॉकर और 25 छड़ियों का वितरण किया गया। इसके साथ ही मौके पर ही 260 लाभार्थियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए गए। भविष्य में भी जारी रहेंगे प्रयास उपकरण वितरण के साथ ही उपस्थित दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सुविधाओं से भी अवगत कराया गया।

इलाज से पूर्व अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के लिए व्यक्ति का इलाज से पहले ही मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति को जिला अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों ने परिक्षण कर बताया की अज्ञात व्यक्ति की मौत हो चुकी है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

एलार्मडगु कैंप के बोदराजपदर नाला के पास हुआ विस्फोट, दो जवान गंभीर, कोन्टा में उपचार जारी

विस्फोटक नष्ट करने के दौरान हादसा सीआरपीएफ के चार जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र में गुरुवार को विस्फोटकों के सुरक्षित विनष्टीकरण के दौरान अचानक हुए ब्लास्ट से सीआरपीएफ के चार जवान घायल हो गए। हादसे में दो जवानों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दो अन्य जवानों को सामान्य चोटें लगी हैं। घटना के बाद सुरक्षा एवं प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। सभी घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल कोन्टा ले जाकर उपचार शुरू कराया गया है।

- दो जवानों की हालत गंभीर
- उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर करने की तैयारी

जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ कोन्टा रेंज के अंतर्गत पिड़मेल, डब्बाकोंटा, कोलाईगुड़ा और एलार्मडगु कैंपों में संधारित अनसर्विसिबल एवं शेष बचे विस्फोटकों के सुरक्षित विनष्टीकरण के लिए जगदलपुर से एम्युनिशन टेक्नीशियन टीम (एटीटी) 50वीं वाहिनी सीआरपीएफ के एलार्मडगु कैंप पहुंची थी। निर्धारित सुरक्षा मानकों के तहत टीम द्वारा कैंप से लगभग 200 मीटर दूर बोदराजपदर नाला के समीप विस्फोटकों के विनष्टीकरण की कार्रवाई की जा रही थी।



इसी दौरान विनष्टीकरण की प्रक्रिया के बीच अचानक एक विस्फोटक का अंश अथवा बम उछलकर पास के क्षेत्र में जा गिरा और वहां जोरदार ब्लास्ट हो गया। अचानक हुए विस्फोट की चपेट में सुरक्षा ड्यूटी एवं विनष्टीकरण प्रक्रिया में लगे चार जवान आ गए। हादसे में एटीटी टीम के एएसआई एमके तिवारी और 50वीं वाहिनी सीआरपीएफ के एएसआई अनीश खान को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं एटीटी टीम के निरीक्षक अमरनाथ मिश्रा तथा 50वीं वाहिनी सीआरपीएफ के प्रधान आरक्षक कुलदीप राज को सामान्य चोटें आई हैं।

घटना के तत्काल बाद मौके पर मौजूद जवानों ने घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया और बिना देरी किए सभी चारों घायलों को शासकीय अस्पताल कोन्टा पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल दोनों जवानों की स्थिति को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर करने की तैयारी की जा रही है। घटना के बाद संबंधित सुरक्षा एजेंसियों द्वारा पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। विस्फोटक विनष्टीकरण के दौरान अचानक हुए ⏭शेष पेज 12 पर

शराब भट्ठी के विरोध में बडांजी टोंगसीगुड़ा के ग्रामीण लामबंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विकासखंड लोहंडीगुड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत बडांजी एवं टोंगसीगुड़ा में प्रस्तावित अंग्रेजी शराब दुकान, भट्ठी खोले जाने के विरोध में ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने एकजुट होकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, लोहंडीगुड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए प्रस्तावित शराब दुकान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में शराब भट्ठी खोलने के बजाय सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए। ग्रामीणों ने मांग की कि शराब दुकान की जगह स्कूल भवन का निर्माण, अस्पताल, स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।ज्ञापन में ग्राम पंचायत द्वारा जारी एनओसी की जांच, ग्रामसभा की वास्तविक एवं स्वतंत्र सहमति की जांच तथा स्थानीय ग्रामीणों की राय को प्राथमिकता देने की मांग की गई। ग्रामीणों ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्र में पेसा एक्ट के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए तथा महिलाओं, युवाओं एवं सभी वर्गों की भागीदारी के साथ पारदर्शी ग्रामसभा आयोजित की जाए। ग्रामीणों ने कहा कि शराब की ⏭शेष पेज 12 पर

ग्रामीणों की प्रमुख मांग

गांव में शराब भट्ठी नहीं, स्कूल भवन, अस्पताल, युवाओं को रोजगार चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की जांच कर जनहित में प्रस्तावित शराब दुकान को निरस्त किया जाए और क्षेत्र के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर विरोध जारी रखेंगे। इस दौरान जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे एवं बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के बस्तर ग्रामीण जिला अध्यक्ष संतु कश्यप कमल बघेल, पाकलू कश्यप, सूरज कश्यप, भगत मांडवी, ग्रामीण परमेश्वर भारद्वाज, योगेश, ज्योतिष, नेहरू, कपिल अंग्रेषण, कपिल, दीपक, मधुसूदन भारद्वाज, मुकेश मांझी, घनश्याम मांझी, रूपेंद्र मांझी, तंबू गागड़ा, गोविंद भारद्वाज, भास्कर भारद्वाज, घनश्याम भारद्वाज सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

कांग्रेस ने मनाया काला दिवस, गांधी प्रतिमा के सामने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लोकतंत्र की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ने गुरुवार को काला दिवस मनाया। अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में काले कपड़े पहनकर सिरहासार स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी सहित सांसदों के साथ दुर्व्यवहार और बर्बरता की गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक अधिकारों और विपक्ष की आवाज को दबाने का आरोप लगाते कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को अपनी बात रखने और जनता से जुड़े मुद्दे उठाने का अधिकार है। इस अधिकार को दबाने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस सड़क पर उतरकर विरोध करेगी।प्रदर्शन के दौरान अनवर खान पूर्व महापौर जतिन जायसवाल,पार्षद मुन्नू तिवारी शुभम यदु, सूर्य पानी, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी उपनेता कोमल सेना सहित कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी का बस्तर प्रथम आगमन, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी एवं सांसद सुखदेव भगत के प्रथम जगदलपुर आगमन पर वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी व प्रकाश अग्रवाल के नेतृत्व में कुम्हारपारा माड़िया चौक में पार्षददल व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर आदिवासी नाचा दल की प्रस्तुति के साथ आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस दौरान पार्षदगण राकेश मौर्य, सुशीला बघेल, सूर्या पानी, अफरोज बेगम, लोकेश चौधरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, पूर्व पार्षद पंचराज सिंह, मोहन बढ़ाई, कौशल नागवंशी, भुवन झा, दुर्योधन कश्यप, रंगा राव, अपर्णा बाजपेयी, माही श्रीवास्तव, मनीता राउत, शेखर राउत, विश्वनाथ चौधरी, ख़ारिन सुरजो, संतोष निषाद, गौरव तिवारी, बबलू, सविता पत्थर, सावित्री बतक, कुमारी सिंह, वंदना सेठिया, सविता खान, कुंतीला चालकी, सुमति सिंह, जयश्री बघेल, मोहन सूरजों, दृग मोहन पत्थर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



आठ पहियों वाले विशाल विजय रथ का निर्माण तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व को लेकर इन दिनों उत्साह अपने चरम पर है। पर्व के मुख्य आकर्षण के रूप में आठ पहियों वाले विशाल विजय रथ का निर्माण कार्य पूरी गति से चल रहा है। इस भव्य रथ को नियत समय पर आकार देने के लिए झाड़ उमरगांव और बेड़ा उमरगांव के पारंपरिक कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं। बस्तर की अनूठी संस्कृति को समेटे इस पर्व को देखने के लिए अभी से लोगों की उत्सुकता बढ़ने लगी है।

बिना किसी आधुनिक मशीन और तकनीकी माप-जोख के, ये हुनरमंद कारीगर अपनी पीढ़ियों पुरानी शिल्पकला और गहरी आस्था के बल पर भारी-भरकम काष्ठ लट्ठों को तराश कर इस विशालकाय स्वरूप में ढाल रहे हैं। रथ निर्माण की यह कला पूरी तरह पारंपरिक औजारों और पूर्वजों से सीखे गए अनुभवों पर आधारित है, जो आज के दौर में भी इंजीनियरिंग का एक बेजोड़ नमूना पेश करती है।



किलेपाल के माड़िया युवाओं को परिक्रमा की जिम्मेदारी

बस्तर दशहरा की अनूठी परंपरा के अनुसार, तैयार हो रहे इस आठ पहियों वाले विजय रथ की परिक्रमाके लिए किलेपाल क्षेत्र के माड़िया समुदाय के युवाओं को विशेष रूप से जिम्मेदारी दी जाती है। यह सदियों पुरानी परंपरा है, जिसका निर्वहन आज के दौर में भी पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ किया जाता है। रथ खींचने के दौरान सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति भी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी हुई है।

धमकी भरे पत्र मुर्दोंडा-बासागुड़ा मार्ग पर मिला था

नक्सलियों के नाम पर सरपंच व ग्रामीणों को धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुरदण्डा सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामीण के नाम धमकीपूर्ण पर्चे भेजने वाले दो आरोपियों को आवापल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना आवापल्ली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुरदंडा में 7 अक्टूबर की सुबह ग्रामीणों को नक्सली पर्चे मिले थे। पर्चों में ग्राम पंचायत मुरदंडा के सरपंच नारायण काका, उपसरपंच नारायण कचलम एवं ग्रामीण जयमूर्ति चापड़ी को धमकी दी गई थी। इसकी रिपोर्ट सरपंच नारायण काका ने बुधवार को दर्ज कराई थी। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सरपंच ने बताया कि सुबह वह अपने घर से कमारगुड़ा की ओर जा रहे थे, इसी दौरान उनके घर के पास रास्ते में उन्हें दो नक्सली पर्चे मिले। पर्चों में सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों को धमकी देते हुए स्कूल निर्माण सहित अन्य कार्यों को लेकर चेतावनी दी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मौके से 7 पर्चा बरामद किया था। सरपंच नारायण काका की रिपोर्ट पर थाना आवापल्ली में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए बीजापुर एसपी उमेश प्रसाद गुप्ता के मर्गदर्शन में थाना आवापल्ली पुलिस द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में आवश्यक जांच पड़ताल तथा पर्चे फेंकने वाले अज्ञात व्यक्तियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गयी थी। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि ग्राम मुरदण्डा-बायेगुड़ा निवासी संदीप मड़कम द्वारा उक्त भूमि पर विगत 5 वर्षों से अवैध कब्जा किया गया था। माह जून 2026 में तहसीलदार द्वारा उक्त भूमि का सीमांकन कर वहां स्कूल भवन निर्माण प्रक्रिया की गई थी तथा अवैध कब्जा हटवाया गया था। इसके बाद संदीप मड़कम द्वारा नागेश बोड़के के साथ मिलकर ⏭शेष पेज 12 पर



पुलिस की अपील -अफवाहों से बचे

अफवाहों से बचें, सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देकर सहयोग करें-एसपी बीजापुर एसपी उमेश प्रसाद गुप्ता ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के धमकी भरे पर्चे, संदिग्ध गतिविधि अथवा भ्रामक सूचना प्राप्त होने पर घबराने अथवा अफवाहों पर विश्वास करने के बजाय तत्काल इसकी सूचना नजदीकी पुलिस थाना में दें। किसी भी व्यक्ति द्वारा माओवादी अथवा किसी अन्य प्रतिबंधित संगठन का भय दिखाकर आमजन को डराने-धमकाने अथवा शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है, तो ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध माओवादी गतिविधियों से संबंधित धाराओं एवं अन्य प्रावधानों के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा तथा क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बाढ़ पीड़ितों ने सांसद से प्रति एकड़ 65 हजार मुआवजा मांगा



जगदलपुर। इंद्रावती नदी किनारे स्थित जगदलपुर और बकावंड ब्लॉक के दर्जनों किसान गुरुवार की सुबह सासंद निवास पहुंचकर पिछले दिनों बाढ़ से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा देने की मांग की। किसानों ने कहा कि सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 प्रति क्विंटल में खरीद रही है, इसलिए 1 एकड़ का मुआवजा 65 हजार 100 मिलना चाहिए।

किसानों ने कहा कि बाढ़ ने इंद्रावती नदी किनारे के गांव के किसानों का पूरा फसल पानी में डुबा दिया, अब वहां किसानों को कुछ भी फसल नहीं मिलेगा। नगरनार के पंच रैनू बघेल मंगनपुर के किसान अर्जुन सेठिया सहित बड़ी संख्या में पहुंचे दर्जनों गांव के किसानों ने सांसद महेश कश्यप से शासन प्रशासन से पहल कर मुआवजा दिलाने की मांग की।

खबर संक्षेप



यूसीसी को लेकर आदिवासी समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

केशकाल। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तावित समान नागरिक संहिता के दायरे से अनुसूचित जनजातियों को पूरी तरह बाहर रखने की मांग को लेकर आज गोंडवाना समन्वय समिति उपखंड कुड़ेभारी, ब्लॉक केशकाल एवं विभिन्न जनजातीय संगठनों ने तहसीलदार केशकाल के माध्यम से यूसीसी समिति अध्यक्ष रायपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आदिवासी समाज कानून, न्याय और सामाजिक सुधार का विरोधी नहीं है, लेकिन भारतीय संविधान ने अनुसूचित जनजातियों की विशिष्ट सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रशासनिक और आर्थिक परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए उनके लिए विशेष संवैधानिक प्रावधान किए हैं। आदिवासियों को यूसीसी से बाहर रखने का संवैधानिक आधार क्या होगा और क्या यह केवल रूढ़ि एवं प्रथा पर आधारित होगा? पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून के साथ यूसीसी का संबंध स्पष्ट किया जाए। छत्तीसगढ़ का बड़ा क्षेत्र पांचवीं अनुसूची में आता है। मिश्रित विवाह की स्थिति में तलाक, उत्तराधिकार, संतान के अधिकार जैसे मामलों में कौन सा कानून लागू होगा, यह स्पष्ट नहीं है। आदिवासी समाज को केवल विवाह-परंपरा तक सीमित न देखा जाए, इसका संबंध जल, जंगल, जमीन, ग्राम सभा, स्वशासन और संस्कृति से भी है। बस्तर में स्थापित बड़े उद्योगों में स्थानीय आदिवासी युवाओं की भर्ती, रोजगार और भागीदारी के आंकड़े सार्वजनिक किए जाएं। समाज ने उत्तराखंड में लागू यूसीसी में आदिवासियों को छूट दायरे से बाहर रखने के उदाहरण का भी उल्लेख किया और मांग की कि छत्तीसगढ़ की सभी अनुसूचित जनजातियों को प्रस्तावित यूसीसीस के दायरे से पूर्णतः बाहर रखा जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, राज्यपाल, अनुसूचित जनजाति आयोग और कलेक्टर कोंडागांव को भी भेजी गई है। इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, ग्रामप्रमुख और जनजातीय समाज के प्रमुखजन उपस्थित थे।

सप्ताहभर में कई बार जाम की चपेट में आया केशकाल घाट, घंटों फंसे रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

बस्तर संभाग के प्रवेश द्वार के रूप में पहचान रखने वाला केशकाल घाट इन दिनों बार-बार लगने वाले जाम के कारण चर्चा में है। बीते एक सप्ताह के भीतर घाट में कई बार जाम की स्थिति बन चुकी है। इसके चलते छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लगने से राहगीरों, यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर घाट के घुमावदार और संकरे हिस्सों में किसी भारी वाहन के खराब होने या वाहनों के आमने-सामने फंस जाने से स्थिति और गंभीर हो जाती है।

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर यातायात व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवाल, स्थायी समाधान की दरकार

घंटों थमे रहते हैं वाहनों के पहिए

केशकाल घाट से होकर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री बसें, मालवाहक ट्रक, निजी वाहन और अन्य वाहन गुजरते हैं। ऐसे में घाट में जाम लगने का सीधा असर पूरे राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के यातायात पर पड़ता है। जाम के दौरान कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग जाती है और यात्रियों को घंटों सड़क पर इंतजार करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को होती है, जिन्हें समय पर अस्पताल, परीक्षा, नौकरी, व्यवसाय या अन्य जरूरी काम के लिए आगे जाना होता है। जाम में एंबुलेंस या आपातकालीन वाहनों के फंसने की स्थिति भी गंभीर चिंता का विषय बन सकती है।



यातायात व्यवस्था को लेकर सवाल

बार-बार जाम लगने के बाद लोगों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि आखिर ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन और संबंधित विभाग की स्थायी कार्ययोजना क्या है? क्या घाट में ऐसे स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां भारी वाहन खराब होने की स्थिति में तत्काल हटाया जा सके? क्या यातायात पुलिस और संबंधित विभाग के पास जाम से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन और त्वरित व्यवस्था उपलब्ध है? स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम लगने के बाद व्यवस्था बनाने की कवायद शुरू करने के बजाय पहले से ही संवेदनशील स्थानों पर निगरानी और आवश्यक इंतजाम किए जाने चाहिए।

स्थायी समाधान की मांग

केशकाल घाट केवल स्थानीय आवागमन का मार्ग नहीं है, बल्कि बस्तर को प्रदेश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसलिए यहां बार-बार लगने वाले जाम को केवल स्थानीय समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बाईपास का निर्माण जारी है जिसके बनते ही इसकी स्थाई समस्या का इलाज मिल जाएगा लेकिन इसमें अभी काफी समय इसलिए लोगों ने प्रशासन, यातायात पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि घाट में बार-बार जाम लगने के कारणों की समीक्षा कर स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत का कोण्डागांव में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

कांग्रेस जनता के हितों और अधिकारों के लिए संघर्ष करती है और आगे भी जनता की आवाज उठाती रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी सुखदेव भगत का बुधवार शाम कोण्डागांव आगमन पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम के नेतृत्व में रायपुर नाका से बस स्टैंड तक बाइक रैली निकाली गई।

- पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम के नेतृत्व में निकाली बाइक रैली, बस स्टैंड में हुआ स्वागत

कोण्डागांव के प्रवेश द्वार रायपुर नाका पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मांदरी बाजा, ढोल–नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ सुखदेव भगत का स्वागत किया। इसके बाद वे खुली जीप में सवार होकर बाइक रैली में शामिल हुए। रैली मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टैंड पहुंची।





बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री मरकाम सहित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्री भगत का गजमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश सहप्रभारी एस.ए. संपत एवं जरीता लैतफ्लांग का भी स्वागत किया गया।

प्रदेश प्रभारी श्री भगत ने कहा कि कांग्रेस जनता के हितों और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी जनता की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की बात कही। श्री भगत ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार की नीतियों को लेकर कांग्रेस के रुख को सामने रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक उठाती रहेगी। उनके ये वक्तव्य पार्टी के राजनीतिक रुख के रूप में सामने आए।

श्री भगत ने बस्तर में बाढ़ की स्थिति का उल्लेख करते हुए प्रभावित लोगों को राहत और सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विदेश दौरे का जिक्र करते हुए सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया और कहा कि संकट की स्थिति में बाढ़ प्रभावित लोगों तक तत्काल सहायता पहुंचाना जरूरी है।

स्वागत कार्यक्रम के बाद श्री भगत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी की स्थिति की जानकारी ली तथा संगठन को मजबूत करने के संबंध में मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए।

कार्यकर्ताओं से मुलाकात और संगठनात्मक चर्चा के बाद श्री भगत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ जगदलपुर के लिए रवाना हुए।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रवि घोष, महामंत्री जे.पी. यादव, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती राज मरकाम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय करन, गौतम साहू, देवेंद्र कोर्राम, महिला शहर अध्यक्ष श्रीमती हेमा देवांगन सहित मंडल अध्यक्षगण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खंभे पर तार निकालते समय करंट से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नगर पंचायत के आश्रित ग्राम पासंगी में मंगलवार को बिजली के खंभे पर तार निकालने के दौरान करंट की चपेट में आने से 19 वर्षीय विकास मरकाम निवासी छिंदली की मौत हो गई। साथी कर्मचारी उसे तत्काल फरसगांव अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फरसगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार विकास मरकाम बिलासपुर के ठेकेदार के अधीन करीब 15 कर्मचारियों के साथ फरसगांव से रांधना तक पुराने बिजली तार हटाने और नए तार लगाने का काम कर रहा था। मंगलवार सुबह टीम पासंगी पहुंची थी। कुछ कर्मचारी जमीन पर तार फैला रहे थे, जबकि विकास खंभे पर चढ़कर तार निकाल रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गया।

सुरक्षा उपकरणों को लेकर उठे सवाल

मृतक के साथी श्रवण नेताम के अनुसार क्षेत्र के बालोद, तरईबेडा और छिंदली के कुछ युवक ठेकेदार के अधीन काम कर रहे हैं। उनका दावा है कि कर्मचारियों का बीमा नहीं कराया गया है और घटना के समय पर्याप्त सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं थे। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

बिजली विभाग ने जांच की बात कही

फरसगांव बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री विनोद मरकाम ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने बताया कि कार्य बिलासपुर की मेसर्स मां शारदा इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर द्वारा कराया जा रहा था।

वायु सेना है देश की सुरक्षा की मजबूत प्रहरी : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खडपड़ी में वायु सेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य नीलम सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य नीलम सिंह ठाकुर ने भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय वायु सेना की स्थापना 8 अक्टूबर 1932 को हुई थी और वर्ष 2026 में वायु सेना अपना 94वां स्थापना दिवस मना रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आधुनिक तकनीक, परिचालन क्षमता, सटीकता और साहस के साथ वायु योद्धा देश की सीमाओं की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने भारतीय वायु सेना के वीर जवानों एवं शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि यह दिवस भारतीय आकाश के प्रहरी वायु योद्धाओं के साहस, शौर्य, समर्पण और बलिदान को सम्मानित करने का अवसर है। विशिष्ट अतिथि कमला जोशी, प्रधानाध्यापक ने वायु सेना के ऐतिहासिक विकास की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटिश शासनकाल में इसे 'रॉयल इंडियन एयर फोर्स' के नाम से जाना जाता था। देश की स्वतंत्रता के बाद 'रॉयल' शब्द हटा दिया गया और यह भारतीय वायु सेना के रूप में देश की सेवा में समर्पित हुई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीयादेवी ठाकुर, शिक्षक द्वय दिव्या ठाकुर, सरस्वती कश्यप, प्रधान पाठक सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में चंद्र कुमार कोर्राम ने अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

- खड़पड़ी स्कूल में मनाया गया वायु सेना दिवस
- भारतीय वायु योद्धाओं के शौर्य, साहस और बलिदान को किया नमन



बिहान से जुड़कर आत्मनिर्भर बनीं बुधनी



कोण्डागांव। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान ग्रामीण महिलाओं को स्व–सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मिशन के माध्यम से महिलाओं को आजीविका के अवसर, कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सुविधाओं और स्वरोजगार के लिए सहयोग मिल रहा है। इससे महिलाएं अपनी आय बढ़ाने के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रही हैं। मर्दापाल क्षेत्र के ग्राम लखापुरी निवासी बुधनी धारवईया इसकी मिसाल हैं। वर्ष 2019 में जागृति स्व–सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने बीसी सखी के रूप में कार्य शुरू किया। उन्होंने बैंकिंग सेवाओं को गांव के लोगों तक पहुंचाने की दिशा में काम किया और ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर विभिन्न वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराने लगीं। बुधनी ग्रामीणों को गांव में ही बैंक से राशि आहरण, बीमा, पेंशन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। अब तक उनके माध्यम से लगभग 10 करोड़ रुपए का लेनदेन किया जा चुका है। बीसी सखी के कार्य से उन्हें प्रतिमाह लगभग 8 से 10 हजार रुपए की कमीशन आय प्राप्त होती है। बुधनी ने बताया कि पहले उनके परिवार की आजीविका कपड़ा सिलाई के कार्य पर निर्भर थी। बिहान से जुड़ने के बाद उन्हें आय का अतिरिक्त साधन मिला। बैंकिंग सेवाओं से जुड़कर उन्होंने आर्थिक गतिविधियों का अनुभव प्राप्त किया और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिला। बुधनी अपनी आय का उपयोग परिवार की जरूरतों के साथ बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए भी कर रही हैं। वे अपनी दोनों बेटियों के नाम सुकन्या समृद्धि योजना के तहत प्रतिमाह एक–एक हजार रुपए नियमित रूप से जमा करती हैं। इससे वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के साथ भविष्य के लिए भी बचत का आधार तैयार हो रहा है। बीसी सखी के रूप में बुधनी की सेवाओं से आसपास के ग्रामीण परिवारों को भी सुविधा मिल रही है। अब ग्रामीणों को पेंशन, शासकीय योजनाओं की राशि आहरित करने और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए दूर बैंक शाखा तक जाने की आवश्यकता कम हुई है। इससे उनका समय और आवागमन का खर्च बच रहा है तथा गांव में ही वित्तीय सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है। बुधनी बताती हैं कि स्व–सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आय का अतिरिक्त साधन, बचत का अवसर, बैंकिंग कार्यों का अनुभव और आत्मविश्वास मिला है। आज वे परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के साथ ग्रामीणों को भी बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं से जोड़ रही हैं।

कोण्डागांव में 5 सरपंच और 81 पंच पदों के लिए तैयार होगी मतदाता सूची

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत आम एवं उप निर्वाचन 2026 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग के निर्देशानुसार कोण्डागांव जिले में पंचायत आम निर्वाचन के तहत विश्रामपुरी क्षेत्र में 5 सरपंच एवं 81 पंच पदों के लिए मतदाता सूची तैयार की जाएगी। पंचायत उप निर्वाचन के लिए जिले में कुल 11 पद रिक्त हैं। इनमें 1 जनपद पंचायत सदस्य, 1 सरपंच और 9 पंच पद शामिल हैं। इन पदों के लिए भी फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूरी की जाएगी। मतदाता सूची तैयार करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा संबंधित क्षेत्रों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव को सातगांव, सम्बलपुर एवं हथकली के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसगांव को चांदाबेड़ा, गट्टीपलना, पाण्डेआठगांव, बोरगांव पूर्वी एवं बोरगांव पश्चिम के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केशकाल को गुडरीपारा, ठाकुरपारा, गारका एवं धनोरा के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। बड़ेराजपुर क्षेत्र के आमगांव, हरवेल, विश्रामपुरी 'ब', विश्रामपुरी 'अ', जिरांपारा, बीरापारा एवं खरगांव के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। तहसीलदार कोण्डागांव, केशकाल, फरसगांव एवं बड़ेराजपुर को संबंधित क्षेत्रों के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये अधिकारी मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग एवं कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। मतदाता सूची से संबंधित मामलों में अपर कलेक्टर अविनाश भोई रा.प्र.से., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोण्डागांव को अपील प्राधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम जारी किए जाने के साथ ही संबंधित क्षेत्रों में पंचायत आम एवं उप निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नियुक्त अधिकारियों के माध्यम से निर्वाचन संबंधी आवश्यक कार्यवाही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी।

पेज 11 के शेष...

बस्तर की स्मृतियों ...

प्रशासन की पाबंदी और ओडिशा सीमा पर शूटिंग : उन दिनों बस्तर में तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार और जिला प्रशासन द्वारा फिल्मों और वृत्तचित्रों की शूटिंग पर पाबंदी लगाई गई थी। प्रशासनिक अनुमति न मिलने के कारण फिल्म यूनिट को वैकल्पिक रास्ता चुनना पड़ा। फिल्म के दृश्यों को बस्तर से सटी ओडिशा सीमा पर स्थित धनपुंजी के पास चांदली और देवड़ा के जंगलों में शूट किया गया। इस फिल्म में बस्तर के स्थानीय रंगकर्मियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, जिनमें आकाशवाणी के उद्घोषक व रंगकर्मी जी. श्याम, शहजाद रहीम और गौतम कुंडू ने छोटे किरदार निभाए थे।

विस्फोटक नष्ट करने ...

इस हादसे ने सुरक्षा व्यवस्था और ऐसे संवेदनशील ऑपरेशन में बरती जाने वाली सावधानियों को एक बार फिर महत्वपूर्ण बना दिया है।


नक्सलियों के नाम ...

माओवाद की आड़ में तीनों के नाम से भय का वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से धमकीपूर्ण पर्चा तैयार कर मुरदण्डा से कमारगुड़ा जाने वाले रास्ते पर फेंका गया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस व छग जनसुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

शराब भट्ठी के

उपलब्धता बढ़ने से नशाखोरी, घरेलू विवाद, अपराध तथा सामाजिक समस्याओं में वृद्धि की आशंका है। इसलिए जनहित को देखते हुए प्रस्तावित शराब भट्ठी के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाना आवश्यक है।

दल्ली में दो ट्रकों से 12 हजार रुपये के बैटरी वायर की चोरी



कांकेर। भानुप्रतापपुर नगर में खड़े वाहनों से चोरी की घटनाएं सामने आने लगी हैं। भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दल्ली रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़े दो ट्रकों को निशाना बनाते हुए उनके बैटरी वायर चोरी कर लिए। चोरी गए वायर की कीमत करीब 12 हजार रुपये बताई गई है। घटना के बाद वाहन चालू नहीं हो पाने से ट्रक मालिक को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर निवासी मो. परवेज शेखानी पिता मो. उस्मान शेखानी ने पुलिस को बताया कि ट्रांसपोर्टिंग का काम करते हैं। उनके ट्रक क्रमांक सीजी 24 एफ 9055 एवं सीजी 19 बीएफ 3139 दल्ली रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़े थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने दोनों वाहनों के बैटरी वायर काटकर चोरी कर लिए। वाहन मालिक के अनुसार चोरी किए गए बैटरी वायर की अनुमानित कीमत करीब 12 हजार रुपये है। वायर चोरी होने के कारण दोनों ट्रक चालू नहीं हो पा रहे थे।

कोण्डागांव में वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती मनी

कोण्डागांव। गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती कोण्डागांव के बंधा तालाब स्थित उनकी प्रतिमा के समीप मूल निवासी समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम में मन्नाराम नेताम, जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ एवं बामसेफ, दिनेश भगत, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद, पंचुराम सागर, संरक्षक बाबा साहेब सेवा संस्था तथा सुदराम मरकाम ने रानी दुर्गावती के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि रानी दुर्गावती ने मातृभूमि के सम्मान, स्वाभिमान और अपनी प्रजा की रक्षा के लिए अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने अपने जीवन में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद संघर्ष का रास्ता चुना और अंतिम समय तक अपने राज्य की रक्षा के लिए डटी रहीं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर किले में चंदेल वंश के राजा कीरत राय के यहां हुआ था। वर्ष 1542 में उनका विवाह गढ़–कटंगा के गोंड राजा संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह से हुआ। पति दलपत शाह के निधन के बाद रानी दुर्गावती ने अपने अल्पवयस्क पुत्र वीर नारायण की संरक्षिका के रूप में शासन की जिम्मेदारी संभाली। उनके शासनकाल का प्रमुख क्षेत्र वर्तमान मंडला–जबलपुर सहित गोंडवाना का विस्तृत भूभाग रहा।



सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि खसरा नंबर 369 (क्षेत्रफल 0.813 हेक्टेयर, बिक्री समझौते के अनुसार खसरा नंबर 1043/2) पर बनी इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कमर्शियल प्रॉपर्टी (जिसमें 1 पूरी दुकान और पीछे की 2 दुकानों का कुछ हिस्सा शामिल है, कुल क्षेत्रफल 840 वर्ग फुट), जो ग्राम नारायणपुर, ICICI बैंक के सामने, मेन रोड, बखरूपाड़ा, नारायणपुर, छत्तीसगढ़-494661 में है, उसे मेरे क्लाइंट श्री बीरभद्र पदुमनाथ देवांगन द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड को लीज (किराये) पर दिया जा रहा है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, या सरकारी/अर्ध-सरकारी संस्थान/निकाय/अथॉरिटी का इस प्रॉपर्टी पर कोई दावा, अधिकार, मालिकाना हक, हित या हिस्सा है, या किसी को इस लेन-देन पर कोई आपत्ति है, तो उन्हें सूचित किया जाता है कि वे इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति को लिखित रूप में अपनी आपत्ति और सभी सहायक दस्तावेजों की प्रतियां जमा करें। यदि इस सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर लिखित रूप में और सभी सहायक दस्तावेजों के साथ आपत्तियां प्राप्त नहीं होती हैं, तो यह माना जाएगा कि उक्त प्रॉपर्टी का मालिकाना हक स्पष्ट है और संबंधित सभी लोगों ने अपने अधिकारों का त्याग कर दिया है। इसके बाद वे कोई आपत्ति नहीं उठा सकेंगे और हम लीज डीड या ऐसे समझौतों को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे; और ऐसे किसी भी व्यक्ति को बाद में इस लेन-देन पर आपत्ति उठाने से रोक दिया जाएगा।

अधिवक्ता, मनीष सिंह
OFFICE/RESIDENCE
PUSHPA VILLA, H. NO. - 47/815CIVIL LINES,
KATORA TALAB - RAIPUR (C.G.)
MOB. NO. - 8770950462, 9827162238,

न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.-202610201500009/अ-6/2026-27

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजा राम त्रिपाठी पिता जगदीश प्रसाद त्रिपाठी उम्र 63 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी डी.एन.के. कालोनी कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला - सरगीपालपारा में स्थित भूमि शीट नंबर- 02 भूखण्ड क्रमांक 499 / 2 क्षेत्रफल 1280 वर्गफुट भूमि वार्षिक भू-भाटक 5.00 रूपये आवासीय मकान नजूल संधारण खसरा में सविता बाई पिता पवन कोरमि सा. देह सरगीपालपारा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखण्ड को ई-पंजीयन क्रमांक IN - CG71618682866209X पंजीकृत बिक्री विलेख क्रमांक CG-2025-26-194- 1-227 दिनांक 27.08.2025 को रूपये 15,00,000/- शब्दों में (पंद्रह लाख रूपये) में विक्रय किया गया है। उक्त भूमि क्रय करने के पश्चात आवेदक राजा राम त्रिपाठी पिता जगदीश प्रसाद त्रिपाठी उम्र 64 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी डी.एन.के. कालोनी कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, मेन्टीनेन्स खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 19.10.2026 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.10.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

नजूल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढियारी रायपुर
बांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, नायकी मंदिर के सामने, गुढियारी, रायपुर
उपलब्ध सुविधाएँ-
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
- नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
- TPA की सुविधा

स्पाइन
रीड की हड्डी एवं नसों का इलाज,
न्यूरो-पंचकर्म विधि द्वारा किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 9.30 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

शौचालय के गड्ढे में गिरी गाय कर्मियों ने बचाई जान



बस्तर। नगर पंचायत बस्तर के भाटीपारा वार्ड 12 में एक गाय की जान नगर पंचायत कर्मचारियों की तत्परता से बच गई। जानकारी के अनुसार एक घर के पीछे खंडहर में स्थित शौचालय के पुराने गड्ढे को घास-फूस से ढका था। घास चरने के दौरान गाय उस गड्ढे में गिर गई और बाहर निकलने के लिए तड़पने लगी। वार्डवासियों ने तुरंत नगर पंचायत को सूचना दी। सूचना मिलते ही कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाला। गाय के सकुशल निकलने पर वार्डवासियों ने नगर पंचायत कर्मचारियों के मानवीय कार्य की सराहना की।

41 खाद्य कारोबारियों ने लिया फोस्टेक प्रशिक्षण



बीजापुर। आम नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने तथा खाद्य कारोबारियों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बीजापुर में बेसिक फोस्टेक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के 41 खाद्य कारोबारियों ने भाग लेकर खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता एवं खाद्य पदार्थों के सुरक्षित रखरखाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य में खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा के निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए गए हैं।

रंगों में सजा नक्सल मुक्त बीजापुर का संकल्प



बीजापुर। कभी नक्सल हिंसा और दुर्गम परिस्थितियों की चुनौतियों से जूझने वाला बीजापुर अब शांति, विश्वास और विकास की नई पहचान गढ़ रहा है। इसी परिवर्तन की प्रेरणादायी तस्वीर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित 'सेवा के रंग, राष्ट्र के संग' कार्यक्रम में देखने को मिली। जिला मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में 'नक्सल मुक्त बीजापुर एवं विकसित बीजापुर' की थीम पर 76 गुणा 76 फीट क्षेत्रफल में तैयार की गई विशाल एवं आकर्षक रंगोली ने जिले के बदलते स्वरूप को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत का आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड

विधायक के नेतृत्व में बालेगा से बस्तर और कुदालगांव तक कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सुखदेव भगत के 7 अक्टूबर को प्रथम बार बस्तर विधानसभा क्षेत्र आगमन पर

- प्रथम बस्तर आगमन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं



ने बालेगा, बस्तर मुख्यालय, कुदालगांव सहित विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर प्रदेश प्रभारी का आत्मीय स्वागत किया। प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत के बस्तर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर सबसे पहले ग्राम पंचायत बालेगा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। विधायक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और उत्साहपूर्वक प्रदेश प्रभारी का अभिनंदन किया। इसके बाद बस्तर विधानसभा मुख्यालय नगर पंचायत बस्तर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय पदाधिकारियों ने सुखदेव भगत का आत्मीय स्वागत किया। यहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी सक्रिय भागीदारी और उत्साह का परिचय दिया। वहीं ग्राम पंचायत कुदालगांव में भी प्रदेश प्रभारी के पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। बालेगा से बस्तर मुख्यालय और कुदालगांव तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बकावंड एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करपावंड के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में पहुंचे और प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। दोनों ब्लॉकों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी सक्रियता और एकजुटता का परिचय दिया। सुखदेव भगत के प्रथम बस्तर विधानसभा आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। स्वागत कार्यक्रमों में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मशाल रैली में देशभक्ति और सेवा भावना के लगाए गए नारे

यात्रा सेवा, समर्पण व जनजागरूकता का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर पंचायत गीदम क्षेत्रांतर्गत सेवा ज्योति यात्रा के तहत मशाल रथ के साथ मशाल रैली निकाली गई। यह रैली नया बस स्टैंड से प्रारंभ होकर हारम चौक होते हुए पुनः नया बस स्टैंड तक निकाली गई। रैली का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना द्वारा मशाल जलाकर किया गया। इस अवसर पर दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सेवा ज्योति यात्रा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यात्रा सेवा, समर्पण और जनजागरूकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष, पार्षदगण, एल्डरमेन, जनप्रतिनिधिगण, तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, शिक्षकगण, नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारीगण और अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली में नगर के नागरिकों ने भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया। मशाल रथ के साथ निकली इस रैली में देशभक्ति और सेवा भावना के नारे लगाए गए। पूरे मार्ग में नागरिकों ने रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। रैली का उद्देश्य नागरिकों में सेवा भाव, स्वच्छता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की भावना को जागृत करना था।

नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और सभी को समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने सभी नगरवासियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

मशाल रैली में गूंजे भारत माता की जय के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

नगर पंचायत बस्तर में सेवा सेतु अभियान के तहत नगरीय स्तरीय सेवा ज्योति कलश यात्रा बुधवार शाम को बड़े ही भव्य रूप से निकाली गई।

लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम बस्तर से मशाल रैली प्रारंभ हुई। हाथों में मशाल और सेवा ज्योति कलश लिए सैकड़ों प्रतिभागी एसडीएम कार्यालय रोड होते हुए महात्मा गांधी गार्डन तक पैदल चले। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और सेवा परमो धर्म के नारों से माहौल गूंज उठा। नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस भव्य यात्रा में नगर पंचायत के पार्षदगण, भाजपा मंडल बस्तर के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, नगर पंचायत के सीएमओ सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी, स्व सहायता समूह की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। महिलाओं की भागीदारी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य नगर



पालिका अधिकारी ने बताया कि सेवा सेतु अभियान का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना और नागरिकों में सेवा, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता लाना है। सेवा ज्योति इसी संकल्प का प्रतीक है। कार्यक्रम के समापन पर अटल परिसर में सभी ने स्वच्छ बस्तर, विकसित बस्तर और सेवा भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। नगर पंचायत ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

ओम सोनी बने भारत स्काउट्स व गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त

गीदम। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ दंतेवाड़ा में ओम सोनी को जिला मुख्य आयुक्त के पद पर नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सहयोगियों एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। ओम सोनी ने इस नियुक्ति के लिए मुख्य संरक्षक राज्यपाल रमेन डेका, संरक्षक मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, अध्यक्ष गजेंद्र यादव मंत्री स्कूल शिक्षा छग शासन, छग राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, कमिश्नर जिला बस्तर सुरेश गुप्ता का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ करेंगे तथा दंतेवाड़ा जिले में स्काउट्स एवं गाइड्स की गतिविधियों को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं युवाओं में अनुशासन, सेवा, राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जाएंगे। ओम सोनी ने सभी वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, संगठन के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा की।



जश्न टीम का शुभारंभ, 67 टीबी मुक्त पंचायतें सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 'जश्न टीम' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का

- स्वास्थ्य टीमों ने घर-घर पहुंचकर मरीजों की पहचान व उपचार की व्यवस्था की



शुभारंभ विधायक चैतराम आटामी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने किया। इस अवसर पर जिले को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प के साथ विधायक आटामी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को शपथ दिलाई।

जिले में टीबी उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचायत स्तर पर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य टीमों द्वारा घर-घर पहुंचकर लोगों की जांच, संभावित मरीजों की पहचान तथा उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। अभियान के तहत इस वर्ष टीबी उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य करने वाली 67 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के रूप में सम्मानित किया गया। इन पंचायतों के सरपंचों को महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम आटामी ने जिले के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों से टीबी उन्मूलन के लिए युवा नेतृत्व, जनभागीदारी एवं सामाजिक एकजुटता के साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जागरूकता और सक्रिय सहभागिता से जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सीईओ एम. भार्गव तथा ग्राम पंचायतों के सरपंच, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी, पी. रवि कुमार, मेघ प्रकाश शेरपा, टीबी जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, माय भारत एवं पिरामल स्वास्थ्य की टीम उपस्थित रही।

विद्यालयों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार स्वीप कार्ययोजना के तहत 7 अक्टूबर को संयुक्त जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के शंकनी सभाकक्ष में निर्वाचक साक्षरता क्लब (ईएलसी) के नोडल

- निर्वाचक साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण

अधिकारियों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के शासकीय एवं अर्द्धशासकीय हाईस्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों के नोडल शिक्षक, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी शामिल हुए।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने शैक्षणिक संस्थानों में रंगोली, चित्रकला, भाषण, निबंध एवं नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने 17 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके संभावित मतदाताओं तथा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म-06 भरवाने पर विशेष जोर दिया।

मास्टर ट्रेनर्स ने नोडल शिक्षकों को प्ले स्टोर से 'ईसीआई, एनआईटी ऐप डाउनलोड करने तथा निर्वाचक साक्षरता क्लब के ऑनबोर्डिंग एवं ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मतदाता सूची की चार अर्हता तिथियों 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर, मतदाता पंजीकरण, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, मॉक पोल तथा फर्जी खबरों के प्रति जागरूकता सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में सभी नोडल अधिकारियों को अपने-अपने विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा आयोजित गतिविधियों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

एनीटाईम ग्रॉसरी से अब 24 घंटे कर सकेंगे ग्रॉसरी की खरीदी



बिजनेस साईट

जगदलपुर। अब ग्रॉसरी खरीदना हुआ और भी आसान। एनीटाईम ग्रॉसरी मार्ट में अब 24 घंटे आप अपनी खरीददारी कर सकेंगे।

शहर के लाल चर्च रोड फ्रेजरपुर में 10 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे एनीटाईम ग्रॉसरी मार्ट (बंसल ग्रॉसरी) में गुणवत्तायुक्त किराना, हाउसहोल्ड की सामग्री, किचन एसेसरीज, बाथ आईट्मस, डेयरी एण्ड ब्रेकफास्ट, टी-कॉफी एवं ड्रींक्स, बेकरी एवं स्नैक्स, सॉस एवं इन्सटेंट फुड, फ्रोजन फुड्स, पर्सनल केयर आयटम और भी बहुत कुछ एक ही छत के निचे उपलब्ध होंगे। संचालक ने बताया कि मात्र पांच सौ रूपए की खरीदी करने पर प्ले एरिना में 1 घंटे की फ्री गेमींग का कूपन मिलेगा। साथ ही एनीटाईम ग्रॉसरी से लगे टरकीश यानो आईस्क्रीम शॉप में भी मात्र तीन सौ रुपए की खरीदी पर 1 घंटे की फ्री गेमींग का कूपनपा सकते हैं। इसके अलावा होम प्रोडक्ट्स पर 45 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है। एनीटाईम ग्रॉसरी मार्ट से एक हजार तक की खरीदी पर 3 किमी एरिया तक डिलीवरी फ्री में की जाएगी। एनीटाईम ग्रॉसरी मार्ट एक सुपरमार्केट फ्रैंचाइजी है। जो अपने आउटलेट्स पर ऑपरेशन, ब्रांडिंग और सप्लाई चेन से जुड़ी पूरी मदद प्रदान करता है। जगदलपुर का यह पहला सुपरमार्केट है। यह एक सुविधाजनक स्टोर है जहाँ रोजमर्रा की जरूरी चीजें अच्छी मात्रा में मिलती हैं और देर रात तक खरीदारी की सुविधा है। इसी के साथ इससे लगे भारत के लोकप्रिय कैफे और चाय आधारित फ्रैंचाइजी ब्रांड द चाय ठेका में अब शौकिनों की भीड़ देखी जा रही है। लोग विभिन्न तरह की चाय की चुस्की लेते हुए बंसल प्ले एरिना के गेम्स के मजे भी ले रहे हैं।

सुखदेव भगत के स्वागत में कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी ने खोली पोल



गीदम। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत के दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उनके आगमन को लेकर कुछ स्थानों पर कार्यकर्ताओं में उत्साह भी दिखाई दिया, लेकिन इस पूरे कार्यक्रम में कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान और गुटबाजी भी साफ तौर पर नजर आई। प्रदेश प्रभारी के सामने अपनी ताकत दिखाने की कोशिश में कांग्रेस के अलग-अलग नेताओं के समर्थक अलग-अलग समूहों में नजर आए। रैली के दौरान कुछ नेता अपने समर्थकों के साथ आगे चलते दिखाई दिए, जबकि पीछे चल रहे कार्यकर्ता अपने-अपने नेताओं के समर्थन में नारे लगाते रहे। इससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दंतेवाड़ा कांग्रेस वास्तव में एकजुट है या फिर अलग-अलग गुटों में बंटी हुई है। दंतेवाड़ा में कांग्रेस संगठन लंबे समय से सक्रियता के संकट से जूझता नजर आ रहा है। ऐसे में प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत के सामने सबसे बड़ी चुनौती कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाना नहीं, बल्कि बिखरे हुए संगठन को एकजुट कर जमीन पर सक्रिय करना होगा। भाजपा सोशल मीडिया जिला सह-संयोजक नितेश अधिकारी ने कहा कि केवल प्रदेश प्रभारी के दौरे और स्वागत कार्यक्रमों से संगठन मजबूत नहीं होता। इसके लिए कार्यकर्ताओं के बीच विश्वास, नेतृत्व में समन्वय और बूथ स्तर तक मजबूत संगठनात्मक ढांचा जरूरी है।

विधायक की पहल पर बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा



बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल की पहल पर बाढ़ प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाने का सिलसिला लगातार जारी है। विधायक के निर्देश पर ग्राम पंचायत बोदरा में बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस दौरान जनपद सदस्य चेतराम के माध्यम से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान की गई। बाढ़ के कारण प्रभावित परिवारों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हें तत्काल राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया।

राहत सामग्री ग्राम पंचायत तक पहुंचाने एवं वितरण व्यवस्था में नगर पंचायत बस्तर के पार्षद अंकित पारख, कमलेश शील एवं रजनीश पटेल का सहयोग रहा। इस पहल से बाढ़ प्रभावित परिवारों ने राहत मिलने पर आभार व्यक्त किया। स्थानीय स्तर पर लगातार राहत सामग्री पहुंचाए जाने से प्रभावित परिवारों को संकट की इस घड़ी में आवश्यक सहयोग मिल रहा है।

वनों की सुरक्षा व अवैध कटाई रोकने लगा जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज : मद्देड़

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग एवं बीजापुर वन मण्डल के मद्देड़ सामान्य वन परिक्षेत्र के अंतर्गत 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक

- पर्यावरण की रक्षा, मानवता की सुरक्षा का दिया संदेश

वन्यप्राणी सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बालक आश्रम संगमपल्ली जिला बीजापुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पोस्टर व बैनरों के माध्यम से आमजनों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। बैनर पर वन्य प्राणी हैं तो जीवन है तथा प्रकृति का संतुलन वन्य प्राणियों के संरक्षण से ही संभव है, जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से पर्यावरण संतुलन के महत्व को रेखांकित किया गया।

ये रहे मौजूद

इस जागरूकता कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी एन. सुरेश, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी पी. गणपतराव, योगेश्वर ध्रुव, बीटगार्ड वासुदेव अल्लूर, कुमारी रोजारानी जब्बा सहित समस्त वन कर्मचारी, बालक आश्रम के विद्यार्थी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

अवैध कटाई और वनाग्नि रोकने पर बल

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को मुख्य बिंदुओं पर जागरूक किया गया जैसे बाघ, हाथी, भालू और अन्य वन्यजीवों के संरक्षण में सहयोग देना। वनों की कटाई रोकने और नए वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित करना। जंगलों में आग लगने से होने वाले नुकसान और उससे बचाव के उपाय बताना। वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा में ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना।

खबर संक्षेप

माड़िया चौक का नाम नहीं बदलेगा

जगदलपुर। शहर का ऐतिहासिक माड़िया चौक अपने मूल नाम से ही पहचाना जाएगा। जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि नामकरण की प्रक्रिया केवल ऐसे चौक-चौराहों के लिए प्रस्तावित है, जिनका अब तक कोई आधिकारिक नामकरण नहीं हुआ है। पहले से स्थापित और नामांकित स्थानों के नाम में कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा। विगत दिनों इस स्थल के 'विकसित भारत चौक' के रूप में नए नामकरण को लेकर जारी हुआ समाचार त्रुटिवश प्रसारित हो गया था। प्रशासन द्वारा इसके नाम में बदलाव को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है और यह स्थल अपनी पारंपरिक व ऐतिहासिक पहचान के अनुरूप निरंतर माड़िया चौक के नाम से ही जाना जाएगा।

भगिनी प्रसूति सहायता योजना से संवरा भविष्य

जगदलपुर। शासन की मातृत्व कल्याण योजनाएं जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल बन रही हैं। इसी कड़ी में स्थानीय गृहणी पुष्पलता यादव को दूसरे प्रसव के दौरान भगिनी प्रसूति सहायता योजना के तहत 20 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। पुष्पलता के पति ट्रक चालक हैं और वे स्वयं भी सिलाई व मजदूरी कर परिवार की आर्थिक मदद करती हैं। कलेक्टर कार्यालय जाने पर उन्हें इस योजना की जानकारी मिली, जिसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग से उनका श्रमिक कार्ड बना और सहायता राशि सीधे उनके पास पहुंची। पुष्पलता ने इस राशि को अपने बच्चे के सुरक्षित भविष्य के लिए संचित कर लिया है। लाभ मिलने के बाद अब वे क्षेत्र की अन्य पात्र महिलाओं को भी आंगनबाड़ी के माध्यम से ग्रीन कार्ड बनवाकर इस योजना से जुड़ने के लिए जागरूक कर रही हैं।

नवनीत बने जनता कांग्रेस छग (जे) के उपाध्यक्ष

जगदलपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष अमित जोगी ने बस्तर के जुझारू एवं संघर्षशील नेता नवनीत चांद को पार्टी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में पार्टी के काम को लगातार आगे बढ़ाते रहने का उनका जुझारू जज्बा बस्तर क्षेत्र में गरीबों, आदिवासियों और वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज बुलंद करते रहे हैं। विशेष रूप से बस्तर के आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन से जुड़े सवालों को लेकर उन्होंने लगातार संघर्ष किया है। जनहित के मुद्दों पर सड़क से लेकर शासन-प्रशासन तक आवाज उठाने के कारण उनकी पहचान बस्तर के एक सक्रिय और संघर्षशील जननेता के रूप में बनी है।पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने से बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। उनके जमीनी अनुभव, संघर्षशील छवि और आदिवासी अंचल से मजबूत जुड़ाव का लाभ पार्टी को मिलेगा तथा जेसीसीजे 2.0 को प्रदेश में मजबूत राजनीतिक विकल्प के रूप में खड़ा करने के अभियान को गति मिलेगी।



ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर, विभिन्न राज्यों के अधिकारी जुटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मां दंतेश्वरी की पावन धरा जगदलपुर में भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय 'सहकार से समृद्धि' वर्कशॉप का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सुझाव और मार्गदर्शन में आयोजित यह नौवां सम्मेलन ऐतिहासिक महत्व रखता है। बस्तर के इतिहास में पहली बार किसी केंद्रीय मंत्रालय द्वारा इस स्तर का राष्ट्रीय विचार-मंथन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य ध्येय सहकारिता आंदोलन के माध्यम से देश के सबसे दूरदराज, आकांक्षी और जनजातीय अंचलों के अंतिम व्यक्ति तक आर्थिक समृद्धि और विकास का लाभ पहुंचाना है।

शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए भारत सरकार के सहकारिता सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने रेखांकित किया कि सहकारिता की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब इसका प्रभाव जमीनी स्तर पर अंतिम छोर तक दिखाई दे। असम में शांति बहाली के बाद आई विकास की गति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ठीक वैसा ही सकारात्मक और अभूतपूर्व बदलाव आज बस्तर की धरती पर भी महसूस किया जा रहा है।

प्राथमिक कृषि साख समितियों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी बताते हुए सहकारिता सचिव ने देश भर में दो लाख नई बहुउद्देशीय पैक्स की स्थापना, उनके पूर्ण डिजिटलीकरण, कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में रूपांतरण और विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण योजना को तेजी से लागू करने की आवश्यकता जताई। इसके साथ ही उन्होंने नाबार्ड, एनसीडीसी और एनडीडीबी जैसी शीर्ष संस्थाओं के सहयोग से पैक्स के विविधीकरण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे आधुनिक क्षेत्रों में नए अवसर तलाशने और सहकारी बैंकिंग व्यवस्था के पारदर्शी व सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन पर विशेष बल दिया।

राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन का शुभारंभ, बस्तर में पहली बार राष्ट्रीय आयोजन

नवाचारों पर लघु फिल्म और स्टॉल का प्रदर्शन

सम्मेलन के शुरूआत में देश में सहकारिता की दिशा में किए जा रहे नवाचारों को एक लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही सम्मेलन स्थल पर विभिन्न सहकारी समितियों एवं संस्थाओं द्वारा अपने स्थानीय और विशिष्ट उत्पादों से संबंधित आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए हैं। दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के अधिकारियों द्वारा अपने अनुभव साझा करने सहित सहकारिता के क्षेत्र में नवोन्मेषी प्रयासों के बारे में अवगत कराया जाएगा।



अधिकारियों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति

इस दौरान कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर आकाश छिकारा, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, विभिन्न राज्यों के सहकारिता सचिवों और पंजीयकों तथा विभिन्न सहकारी संगठनों के प्रतिनिधियों की व्यापक मौजूदगी रही। यह दो दिवसीय मंथन देश भर में सहकार से समृद्धि के राष्ट्रीय संकल्प को नई गति और दिशा देने की दिशा में एक अहम मील का पत्थर साबित होगा।

हादसे में गर्भवती महिला समेत दो की हालत गंभीर

तेज रफ्तार टोचन वाहन ने ऑटो, कार और बाइकों को मारी टक्कर, दर्जनभर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र पण्डरीपानी टाटा शो रूम के सामने देर शाम तेज रफ्तार टोचन वाहन ने सामने से आ रही कार, ऑटो व कई बाईक कोटक्कर मारी। इस हादसे में ऑटो में सवार आधा दर्जन

- देर शाम पण्डरीपानी टाटा शो रूम के सामने हुआ हादसा
- घायलों को उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में किया गया भर्ती

सवारी के अलावा कई बाईक सवार भी घायल हो गए। घायलों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। बताया जा रहा है कि हादसे में घायलों को उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो सवार ऑटो से बाहर गिर गए वहीं पीछे से आ रही कई बाईक भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।



जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा से जगदलपुर की ओर कार को टोचन कर ला रही वाहन के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही कार के अलावा ऑटो व कई बाईक को सामने से टक्कर मार दी। ऑटो जगदलपुर से सवारी लेकर केशलूर छोड़ने जा रहा था इसी बीच ऑटो की सीधी टक्कर हो गई। हादसे के दौरान वहीं से गुजर रही कई बाईक भी दुर्घटनाग्रस्त हो गई इस हादसे में दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए।

आसपास मौजूद लोगों व परपा पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल डिमरापाल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उनका उपचार जारी है। परपा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जैसे ही टोचन वाहन पण्डरीपानी मोड़ में पहुंची तभी सामने से आ रही ऑटो की उससे टक्कर हो गई। बहरहाल सभी घायलों को उपचार जारी है तथा दो घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

टीबी मुक्त भारत में जोश कार्यक्रम का शुभारंभ, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारत सरकार के 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत देशव्यापी जोश कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय आड़ावाल में भव्य कार्यक्रम व सिकलसेल शिविर का आयोजन हुआ। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, एनसीसी कैडेट्स, माई भारत के स्वयंसेवकों और प्रशासनिक अधिकारियों की व्यापक उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वर्ष 2025 में टीबी मुक्त घोषित 45 पंचायतों में से उपस्थित चार ग्राम पंचायतों की महिला सरपंचों संजीता कश्यप (डिमरापाल), लखमी कश्यप (छोटे देवड़ा-2), भुनेश्वरी (भेजापदर) और दुशल्या भंडारी (कोटमसर) को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मरीजों की देखभाल में जुटे 19 निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र और नानगुर क्षेत्र के 5 टीबी मरीजों को पोषण आहार किट बांटी गई।

युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए एनसीसी कैडेट्स और माई भारत वॉलंटियर्स को 'जोश टीम किट' प्रदान की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, एसडीएम मनीष वर्मा, संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया, सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक सहित स्वास्थ्य विभाग और एनसीसी बटालियन के अधिकारी उपस्थित थे। अंत में सभी ने टीबी मुक्त भारत की शपथ ली।



निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 140 को मिले दिव्यांग प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत आड़ावाल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर

- सिकलसेल और टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दी गई सेवाएं

आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन और टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान कुल 303 ओपीडी दर्ज की गईं, जिसमें जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा परीक्षण के बाद 140 हितग्राहियों को मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए।

शिविर में आए ग्रामीणों को रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र जांच, निःशुल्क चश्मा वितरण और सामान्य स्वास्थ्य परामर्श की सुविधाएं प्रदान की गईं। शिविर में सिकलसेल बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही पॉजिटिव मरीजों को यूनिवर्सल आईडी कार्ड प्रदान किए गए और उनके परिजनों की भी जांच की गई। उपस्थित जनसमुदाय को विवाह से पूर्व सिकलसेल जांच करवाने तथा 0 से 40 वर्ष तक के सभी व्यक्तियों की जांच सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही शासकीय केंद्रों में उपलब्ध निःशुल्क जांच और हाइड्रॉक्सी यूरिया दवा के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

एनएच-30 कोंटा सड़क का चौड़ीकरण शुरू विधायक किरण देव का प्रयास लाया रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के प्रयास से वर्षों से क्षेत्रवासियों की मांग पर इस मार्ग की चौड़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 स्थित जगदलपुर से कोंटा सड़क निर्माण का चौड़ीकरण व अपग्रेड करने के कार्य हुआ प्रारंभ

- कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के 6 किलोमीटर हिस्से का होगा अपग्रेडेशन, मिली प्रशासनिक मंजूरी

होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव का प्रयास रंग लाया है उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप के प्रति आभार जताया है।

विधायक किरण देव ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से गुजरने वाली सड़क का चौड़ीकरण करने का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग की चौड़ीकरण करने का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री केदार कश्यप का धन्यवाद ज्ञापित किया है। किरण देव ने बताया जगदलपुर-कोंटा



रोड को चौड़ा करने और अपग्रेड करने का लंबे समय से रुका हुआ काम प्रारंभ हो गया है। किरण देव ने बताया कि वन विभाग एवं पर्यावरण मंत्रालय से सभी प्रशासनिक मंजूरी मिलने के पश्चात कार्य शुरू हुआ है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान पार्क से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 के 6.010 किमी लंबे हिस्से को दोबारा बनाने के प्रस्ताव के साथ कार्य तेजी से होने लगा है इस मार्ग की मांग काफी लंबे समय से क्षेत्रवासियों के द्वारा किया जा रहा था। लेकिन प्रशासनिक कारणों से कार्य अटका हुआ था। जिसके लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री केदार कश्यप जी को पत्र लिखकर इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण की मांग पर हो रही अड़चन को दूर करने की मांग की थी। जिस पर वन विभाग से स्वीकृति मिलने पश्चात कार्य शुरू किया गया।

इस प्रोजेक्ट में केशलूर और दरभा के बीच के हिस्से को चौड़ा और अपग्रेड करना शामिल है, जिसमें दरभा घाट सेक्शन भी शामिल है। जो काफी खराब हो गया है और आने-जाने वालों को परेशानी दे रहा है और एक्सीडेंट का खतरा बढ़ गया था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग बस्तर को सीधे पड़ोसी राज्य को जोड़ती है। इस मार्ग के निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही भारी भरकम वाहन को भारी मशक्कत करनी पड़ती थी और अक्सर जाम लगता था । सड़क चौड़ी होने से यातायात व्यवस्था सुगम और बेहतर होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से बस्तर के विकास में मदद मिलेगी।

शिविरों में गूंजी 'नमो सेवा गाथा' नुक्कड़ नाटक से दी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



जगदलपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित विभिन्न शिविरों में 'नमो सेवा गाथा' नुक्कड़ नाटक का अत्यंत प्रभावशाली मंचन किया गया। कला जत्थे के कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय और पारंपरिक गीतों के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल की जनकल्याणकारी योजनाओं और देश में आए जमीनी बदलावों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

जागरूकता अभियान की शुरुआत सुबह माड़पाल स्थित सेवा संकल्प शिविर से हुई, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने नाटक देखा। इसके बाद कलाकारों का दल पामेला बाजार (डिमरापाल) पहुंचा, जहां हाट-बाजार के माहौल में ग्रामीणों को हास्य-व्यंग्य और रोजमर्रा के उदाहरणों से स्वास्थ्य सुरक्षा, पक्के आवास, स्वच्छ पेयजल और महिला सशक्तीकरण की योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

दोपहर बाद मिचनार के सेवा संकल्प शिविर में प्रस्तुति दी गई, जिसमें युवाओं और महिलाओं ने डिजिटल सशक्तिकरण और स्वरोजगार के दृश्यों को खूब सराहा। अभियान का समापन शाम को गुमड़पाल शिविर में हुआ। इस नुक्कड़ नाटक ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारियों को जन-जन तक पहुंचाने में एक प्रभावी सेतु का कार्य किया।

कहा- देश के अग्रणी संभागों में स्थापित होगी पहचान, पर्यटन की असीम संभावनाएं

बस्तर पहुंचे अविभाजित मप्र के 11 सेवानिवृत आईएएस, विकास की तारीफ की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अविभाजित मध्यप्रदेश के समय प्रशासनिक सेवाओं में रह चुके 11 सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों ने बस्तर प्रवास के दौरान शांति, सुरक्षा, विश्वास और विकास की दिशा में हो रहे बदलावों को करीब से देखा। उन्होंने कहा कि बस्तर अब एक नए दौर में प्रवेश कर चुका है और आने वाले समय में यह देश के अग्रणी संभागों में अपनी पहचान स्थापित करेगा। इन अधिकारियों में बीएल कुरिल, रेणु तिवारी, मनोहर दुबे, सुरेन्द्र उपाध्याय, एसएन रूपला, भरत अग्रवाल, टीसी महावर, डीडी सिंह, जयश्री कियावत, सुनीता त्रिपाठी और उल्हास तेलंग शामिल



रहे। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने बस्तर में माओवाद के खात्मे को क्षेत्र के भविष्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि शांति और सुरक्षा के वातावरण से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पर्यटन और कृषि के क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं खुली हैं। बस्तर में विश्वास का वातावरण मजबूत हुआ है और इसका सकारात्मक प्रभाव आमजन के जीवन में दिखाई दे रहा है।

अमर वाटिका में शहीदों को श्रद्धांजलि

पूर्व अधिकारियों ने जगदलपुर स्थित अमर वाटिका पहुंचकर कर्तव्यपथ पर प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जवानों के त्याग और बलिदान के कारण ही आज बस्तर विकास के नए रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।

युवाओं से संवाद

जगदलपुर स्थित पण्डुम कैफे में अधिकारियों ने पुनर्वासित युवाओं से मुलाकात कर उनके अनुभव जाने और समाज की मुख्यधारा में लौटने के संकल्प की सराहना की। इस दौरान कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने इन सेवानिवृत्त अधिकारियों से भेंटकर बस्तर आगमन और लोगों का हौसला बढ़ाने के लिए आभार जताया।

आस्था और संस्कृति का लिया आशीर्वाद

अधिकारियों ने आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी किया। उन्होंने कहा कि यहाँ के लोग बेहद सीधे-सरल और मेहनती हैं। बस्तर की समृद्ध लोक परंपराएं, कला-संस्कृति और प्राकृतिक संपदा ही इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं, जो पर्यटन को तेजी से बढ़ावा देंगी।

